


## टीम इंडिया को नहीं मिला महेंद्र सिंह धोनी का विकल्प

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। महेंद्र सिंह धोनी के भविष्य को लेकर अब भी तस्वीर साफ नहीं है। इसकी एक बड़ी वजह यह भी है कि भारतीय टीम प्रबंधन सीमित ओवरों के प्रारूप में अब भी धोनी का विकल्प नहीं तलाश पाया है। मौजूदा हालात को देखते हुए यह सवाल अभी कायम रहने की उम्मीद है। धोनी ने टेस्ट क्रिकेट से 2014 में संन्यास का ऐलान कर दिया गया था। तब से लेकर अभी तक भारतीय टीम टेस्ट क्रिकेट में पांच विकेटकीपर आजमा चुकी है। इस लिस्ट में ऋद्धिमान साहा को सबसे ज्यादा मौके मिले और उन्हें इस प्रारूप में भारतीय टीम प्रबंधन की पहली पसंद भी माना जा रहा है।

वनडे इंटरनैशनल की बात करें तो कप्तान विराट कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हालिया सीरीज मे लोकेश राहुल को विकल्प के रूप में आजमाया और उनकी शुरुआत तो अच्छी ही रही है। कोहली ने संकेत दिया कि मध्यक्रम के बल्लेबाज और विकेटकीपर की दोहरी भूमिका के रूप में लोकेश राहुल को फिलहाल कुछ वक्त तक आजमया जाएगा इसका अर्थ यह है कि टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में ऋषभ पंत और संजू सैमसन के लिए चुनौतियां बढ़ गई हैं।

# आईपीएल छोड़ो, इंग्लिश काउंटी में खेलो टॉम बैंटन

**क्रिकेट**

## इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने दी केकेआर के खिलाड़ी को सलाह

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए चुने गए खिलाड़ी टॉम बैंटन को इंडियन प्रीमियर लीग में न खेलने की सलाह दी है। वॉन का कहना है कि बैंटन को आईपीएल छोड़कर काउंटी चैंपियनशिप में खेलना चाहिए। बैंटन को पिछले साल दिसंबर में हुई नीलामी में केकेआर ने अपनी टीम में शामिल किया था।

बैंटन ने बीते 12 महीने में टी20 फॉर्मेट में काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने पिछले साल इंग्लिश काउंटी समरसेट के लिए टी20 ब्लास्ट में अच्छे प्रदर्शन के दम पर नेशनल टीम में जगह बनाई। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग और पाकिस्तान सुपर लीग में भी अपने बल्ले का जौहर दिखाया।



मार्च के अंत से लेकर मई के मध्य तक चलने वाली आईपीएल में बैंटन को दो बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपनी टीम में शामिल किया है। बैंटन की कोशिश इस साल अक्टूबर–नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए इंग्लिश टीम में जगह बनाने की है।

वॉन ने द टेलिग्राफ के अपने कॉलम में लिखा कि बैंटन को सीमित ओवरों के प्रारूप को प्राथमिकता नहीं देनी चाहिए। वॉन को बैंटन में टेस्ट क्रिकेट में मध्यक्रम का बल्लेबाज नजर आता है। उन्हें लगता है कि वॉन को इंग्लिश काउंटी में खेलते हुए अपने खेल के उस हुनर को मांझना चाहिए। बैंटन ने अपने फर्स्ट क्लास करियर में 12 मैच खेले हैं। उनका बल्लेबाजी औसत 27 के करीब है। हालांकि इस प्रारूप में उन्होंने कोई सेंचुरी नहीं लगाई है।

हालांकि वॉन को लगता है कि बैंटन में टेस्ट क्रिकेट में नंबर छह पर बल्लेबाजी करने की क्षमता है। बैंटन को आईपीएल में केकेआर में एक करोड़ रुपये के बेस प्राइस के साथ शामिल किया है। ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग में उन्होंने सात मैचों में 223 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 176.98 का है और औसत 31.86 का। उन्होंने तीन हाफ सेंचुरी भी लगाई हैं। उन्होंने हाल ही में एक मुकाबले में लगातार पांच छक्के भी लगाए थे।

वॉन ने कहा कि अगर वह इंग्लैंड ऐंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड के इंचार्ज होते तो बैंटन को फोन करके उन्हें आईपीएल में नहीं खेलने की सलाह देता। मैं उन्हें कहता कि वह काउंटी में समरसेट के लिए खेलें क्योंकि टेस्ट टीम में नंबर छह की जगह खाली है।

# पुरुष क्रिकेट से होती है कमाई, ऐसे में समान भुगतान की बात करना सही नहीं

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार खिलाड़ी स्मृति मंधाना ने कहा है कि उन्हें पुरुष खिलाड़ियों के मुकाबले कम भुगतान मिलने से कोई परेशानी नहीं है। मंधाना ने कहा है कि वह समझती हैं कि उन्हें जो भी कमाई मिलती है वह पुरुष क्रिकेट से होती है।

आईसीसी की महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर रहीं मंधाना ने बुधवार को कहा कि हमें यह समझने की जरूरत है कि हमें जो भी पैसा मिलाता है उसकी कमाई पुरुष क्रिकेट से होती है। जिस दिन महिला क्रिकेट कमाई करने लग जाएगा, मैं सबसे पहले समान भुगतान की बात कहूंगी। लेकिन फिलहाल हम ऐसा नहीं कह सकते।

बीसीसीआई टॉप ब्रैकेट में आने वाले पुरुष क्रिकेटरों को अनुबंध के तौर पर साल के सात करोड़ रुपये देता है। वहीं एक महिला क्रिकेटर को सालाना 50 लाख रुपये मिलते हैं। मंधाना ने कहा, मुझे नहीं लगता कि हमारी टीम की कोई भी सदस्य फिलहाल इस अंतर के बारे में सोच रहा है। हमारा पूरा ध्यान भारत के लिए मैच जीतने पर और लोगों को मैदान पर लाने पर है। इससे रेवेन्यू आएगा। हम फिलहाल इसी पर ध्यान दे रहे हैं और अगर ऐसा हो जाता है तो बाकी चीजें अपने आप लाइन पर आ जाएंगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए हमें अच्छा प्रदर्शन करना होगा। बाएं हाथ की इस बल्लेबाज ने कहा कि हमारे लिए समान भुगतान की बात करना सही नहीं होगा। तो मैं इस अंतर पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहूंगा। भारत को ऑस्ट्रेलिया में वर्ल्ड टी20 की शुरुआत से पहले त्रिकोणीय सीरीज में भाग लेना है।

मंधाना ने कहा कि वर्ल्ड कप के लिए टीम फाइनल करने में इस टूर्नामेंट का अहम रोल है। मंधाना ने कहा कि कोच डब्ल्यूवी रमन ने उन्हें कहा है कि पहले वनडे में उन्हें 30 ओवर और टी20 में कम से कम 12 ओवर तक बल्लेबाजी करनी है।

## रोहित को उम्मीद, अंडर 19 विश्व कप जीतेगा भारत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ऑकलैंड। सीनियर सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने बुधवार को उम्मीद जताई कि भारतीय टीम अंडर 19 विश्व कप जीतेगी। गत चैंपियन भारत ने श्रीलंका और जापान को हराकर क्वॉर्टर फाइनल में जगह बना ली है।

रोहित ने ट्वीट किया, 'भारत की अंडर 19 क्रिकेट टीम को शुभकामना। उनकी शुरुआत शानदार रही है और वे खिताब बरकरार रख सकते हैं।' प्रियम गर्ग की कप्तानी में भारत ने जापान को दस विकेट से हराकर अंडर 19 विश्व कप सुपर लीग क्वॉर्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब भारत का सामना न्यू जीलैंड से होगा। भारत ने अभी तक दोनों मैचों में एकतरफा जीत हासिल की है। अपने पहले मुकाबले में उसने श्रीलंका को 90 रनों से हराया था वहीं जापान को मात्र 41 रनों पर समेटने के बाद सिर्फ 29 गेंदों पर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारतीय टीम ने अभी तक चार बार अंडर–19 वर्ल्ड कप जीता है। भारतीय टीम ने साल 2000 में मोहम्मद कैफ, 2008 में विराट कोहली, 2012 में उन्मुक्त चंद और 2018 में पृथ्वी साव की कप्तान में अंडर–19 विश्व कप जीता है।

## न्यूज डायरी



### साउदी को भारत के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ऑकलैंड। न्यू जीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी ने कहा वह भारत के खिलाफ होने वाली आगामी सीरीज में मिलने वाली चुनौती का इंतजार कर रहे हैं जहां उन्हें बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। साउदी को हालांकि न्यू जीलैंड के ऑस्ट्रेलिया दौरे पर खेले गए आखिरी टेस्ट की टीम से बाहर कर दिया गया था। उनकी जगह मैट हेनरी को अंतिम 11 में शामिल किया गया था। वह हालांकि इससे पहले टीम के चारों मैच में अंतिम 11 में शामिल थे जिस दौरान टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ दो मैचों की घरेलू सीरीज और ऑस्ट्रेलिया दौरे दो टेस्ट में टीम का हिस्सा रहे थे। साउदी ने स्टफ डाट सीओ डाट एनजेड ने कहा, 'यह सामांजस्य बैठाने के बारे में है। जो हुआ सो हुआ और यह मेरे लिए निराशाजनक था। उसने (हेनरी) इससे काफी कुछ सीखा होगा।' टीम के तत्कालीन कोच गैरी स्टीड ने कहा था हेनरी के पास साउदी से ज्यादा गति है। भारत के खिलाफ शुक्रवार से शुरू हो रहे पांच मैचों की टी20 सीरीज में साउदी को उम्मीद है कि वह गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई करेंगे।

### ऊंची रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ अच्छी शुरुआत जरूरीः रानी रामपाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेंगलुरु। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी ने बुधवार को कहा कि न्यू जीलैंड और ब्रिटेन जैसी ऊंची रैंकिंग वाली टीमों के खिलाफ आगामी मैचों में अच्छा प्रदर्शन ओलिंपिक की बेहतर तैयारी साबित होगा। रानी ने इस सत्र के पहले दौरे के लिए ऑकलैंड रवाना होने से पहले यह बात कही। भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ चार मैच और ब्रिटेन के खिलाफ एक मैच खेलेगी।

रानी ने कहा , 'हम न्यू जीलैंड (रैंकिंग छह) और ब्रिटेन (रैंकिंग पांच) जैसी टीमों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। इससे ओलंपिक की तैयारी मजबूत होगी। कठिन टीमों के खिलाफ अच्छी शुरुआत काफी मायने रखती है।' भारत को न्यू जीलैंड की डेवलपमेंट टीम से 25 जनवरी को खेलना है। इसके बाद 27 और 29 जनवरी को न्यू जीलैंड की राष्ट्रीय टीमों से और चार फरवरी को ब्रिटेन से खेलना है।

### जोकोविच और सेरेना अगले दौर में, ओसाका का मुकाबला कोको से

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। गत चौम्पियन नाओमी ओसाका ने चीन की झेंग सेइसेइ को 6 . 2, 6 . 4 से हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन महिला एकल के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना 15 वर्ष की कोको गॉ से होगा जबकि नोवाक जोकोविच और सेरेना विलियम्स ने भी अपने मुकाबले आसानी से जीत लिये । कोको ने अनुभवी सोराना क्रिस्टी को 4 . 6, 6 . 3, 7 . 5 से हराया। वह पिछले साल विम्बलडन में सात बार की ग्रैंडस्लैम चौम्पियन वीनस विलियम्स को हरा चुकी हैं। सेरेना विलियम्स ने स्लोवेनिया की तमारा जिदानसेक पर आसान जीत के साथ तीसरे दौर में जगह पक्की की। पूरी तरह लय में नहीं होने के बाद भी 38 साल की इस खिलाड़ी को विश्व रैंकिंग में 70वें पायदान पर काबिज जिदानसेक को 6. 2, 6. 3 से हराने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई।

### विसाख, विष्णु प्रसन्ना चेन्नई ओपन शतरंज प्रतियोगिता में शीर्ष पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चेन्नई। भारतीय ग्रैंड मास्टर्स एन आर विसाख और वी विष्णु प्रसन्ना चेन्नई ओपन अंतरराष्ट्रीय ग्रैंड मास्टर शतरंज प्रतियोगिता 2020 के सातवें दौर के बाद बुधवार को छह अंक के साथ शीर्ष पर काबिज खिलाड़ियों में शामिल हैं। चेन्नई के दोनों खिलाड़ी के साथ शीर्ष वरीयता प्राप्त पावेल पोंकराटोव (रूस), जोस एडुआर्डो मार्टिनेज अलकांटारा (पेरू), सर्गेई युडिन (रूस), स्टानिस्लाव बोगडानोविच (यूक्रेन) और एलेक्सी गोगानोव (रूस) तालिका में संयुक्त रूप से सबसे ऊपर हैं। इन से आधे अंक कम (5.5) के फासले पर 13 खिलाड़ी हैं जिसमें भारतीय खिलाड़ी नीलोत्पल दास, एमआर वेंकटेश, पीडीएस गिरिनाथ, मित्राभ गुहा, जुबिन जिम्मी और चेन्नई के स्कूली छात्र जी बी हर्षवर्धन भी हैं। हर्षवर्धन को हालांकि छठे दौर में युडिन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने सातवें दौर में चिली के गैंडमास्टर वास्केज श्रोएडर रोड्रिगो को ड्रा पर रोककर वापसी की।